EDITION :FEB-APRIL2026

Shri Vaishnav College of Arts and Commerce — Hindi News Paper

## भूतपूर्व छात्र सम्मेलन एवं संकल्प–26 कार्यक्रम के अंतर्गत न्यूज़ पेपर का विमोचन





श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स इंदौर में दिनांक 5 फरवरी 2026 को महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्र सम्मेलन का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों ने सादर उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा किया तथा महाविद्यालय से जुड़े पुराने स्वर्णिम पलों को भावपूर्ण ढंग से स्मरण किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से भूतपूर्व छात्र डॉ. श्यामसुंदर पलोड़, प्रो. पंकज मिश्रा, मनीष सर सहित अनेक पूर्व एवं वर्तमान विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिनकी सहभागिता से आयोजन अत्यंत सार्थक एवं स्मरणीय बन गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राकेश उपाध्याय द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विकास बक्षी रहे, जबकि समन्वय का दायित्व प्रो. विभोर ऐरन ने भली-भांति निभाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भूतपूर्व छात्र किसी भी संस्था की पहचान और प्रेरणा होते हैं। उनके अनुभव वर्तमान विद्यार्थियों को दिशा प्रदान करते हैं तथा संस्थान की परंपराओं को सुदृढ़ बनाते हैं| संकल्प–26 कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के मीडिया न्यूज़ पेपर का विधिवत विमोचन भी किया गया, जो संस्थान की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का सजीव दस्तावेज है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मनदीप कौर द्वारा आभार व्यक्त किया गया। अंत में प्रबंधन वर्ग द्वारा कार्यक्रम की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

FOLLOW FOR MORE INFORMATION

svcac_media

svcc news

## तीन दिवसीय करियर मार्गदर्शन कार्यशाला का शुभारम्भ, विद्यार्थियों को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के गुर बताए

इंदौर। श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, गुमास्ता नगर में विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन हेतु तीन दिवसीय करियर मार्गदर्शन कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। यह कार्यशाला लगातार तीन दिनों तक आयोजित की जाएगी। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को सिविल सेवा से संबंधित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, तैयारी की रणनीति तथा अध्ययन संसाधनों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यशाला में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करवाने वाली प्रतिष्ठित संस्था स्टडी आईक्यू के विशेषज्ञ संकाय द्वारा सत्र संचालित किए गए। इस अवसर पर संस्था से आए विशेषज्ञ गौरव शर्मा एवं हरी सिंह राजपूत ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए परीक्षा की तैयारी के व्यावहारिक पहलुओं, समय प्रबंधन तथा सफलता की रणनीतियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ परितोष अवस्थी, समस्त समिति समन्वयक प्रो. विभोर एरेन, प्रो. डॉ राकेश उपाध्याय, बीए विभाग संयोजक प्रो. हितेश चौधरी सहित अन्य प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। कार्यशाला में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लेते हुए सिविल सेवा को करियर विकल्प के रूप में समझा तथा विशेषज्ञों से अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए। महाविद्यालय प्रबंधन ने ऐसे आयोजन भविष्य में भी निरंतर आयोजित करने की व्यक्त की और इस अवसर पर प्रबंधन वर्ग ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित कीं। अंत में आभार प्रो. श्रद्धा मानधन्या द्वारा व्यक्त किया गया तथा तकनीकी सहयोग प्रो. सत्यम पंचाल द्वारा प्रदान किया गया।



SVCAC TIMES — EDITORIAL BOARD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Dr Paritosh Awasthi | Prof Satyam Panchal | Miss. Kanika Sisodiya | Mr. Abhishek Rawal |
| (Hon. Principal) | (Prof. BAJMC) | (BAJMC 1st year) | (BAJMC 1'st year) |
| Editor In Chief | Editor | Assosiate Editor | Senior Reporter,writer |




# SVCAC TIMES

EDITION :FEB-APRIL2026

Shri Vaishnav College of Arts and Commerce — Hindi News Paper

## श्री वैष्णव कॉलेज में वार्षिकोत्सव ‘संकल्प–2026’ भव्यता से संपन्न





**इन्दौर।** श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एण्ड कॉमर्स, इन्दौर में महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव ‘संकल्प–2026’ अत्यंत गरिमामय एवं भव्य वातावरण में संपन्न हुआ। इस वर्ष कार्यक्रम की केंद्रीय थीम “मित्रता –युगों का परिचय, शौर्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ” रही।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन तथा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण ने संपूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक ऊर्जा से भर दिया| मित्रता थीम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने हरि–हर मिलन, श्रीराम–निषादराज, श्रीकृष्ण–सुदामा तथा छत्रपति संभाजी महाराज एवं कवि कलश की ऐतिहासिक मित्रता को नाट्य एवं नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने सराहना के साथ देखा। इसके पश्चात ‘ऑपरेशन सिंदूर’एवं ‘झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई’ पर आधारित प्रस्तुतियों में शौर्य, बलिदान एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त रूप से दर्शाया गया। कार्यक्रम में बॉलीवुड गीतों पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियाँ, आकर्षक फैशन शो तथा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान वर्षभर विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री दीपकजी किशोर, यूनिट हेड दैनिक भास्कर की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि श्री दीपकजी किशोर ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि मित्रता, अनुशासन, टीम-वर्क एवं मानवीय मूल्य ही सफलता की सच्ची पहचान हैं।कॉलेज लाइफ में प्राप्त की गई उपलब्धियां जीवन भर साथ देती है।इसलिए कॉलेज की हर गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी ने अपने संबोधन में संस्था की वर्षभर की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों की जानकारी दी।श सी निकाय के अध्यक्ष श्री अरविंद जी गुप्ता ने स्वागत भाषण में महाविद्यालय की शिक्षण परंपरा एवं मूल्यों पर प्रकाश डाला।

# रोजगार मेले में उमड़ा युवाओं का उत्साह

इंदौर, 11 अप्रैल। मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में "युवा संगम" कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को जिला रोजगार कार्यालय इंदौर एवं श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय युवा संगम एवं करियर मार्गदर्शन रोजगार मेले का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद शंकर लालवानी शामिल हुए। साथ ही श्री वैष्णव ट्रस्ट समूह के अध्यक्ष पुरुषोत्तमदास पसारी, महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, सचिव महेश चिमनानी, प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी एवं रोजगार मेला प्रभारी पवन गोयल एवं डॉ. रोकेश उपाध्याय उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर आवेदकों को करियर, रोजगार एवं स्वरोजगार के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मेले में 54 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लेते हुए कुल 1541 रिक्त पदों के लिए चयन प्रक्रिया संचालित की। इस दौरान 1640 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया, जिनमें साक्षात्कार दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत 459 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया, जिसमें 123 महिला एवं 336 पुरुष अभ्यर्थी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त प्लेसमेंट के लिए 22 अभ्यर्थियों का चयन किया गया तथा अप्रेंटिसशिप हेतु 6 अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान किया गया।




Contact Number +91-731-2780009, 2380060 | Email Id principalsvcc@gmail.com | College Webiste svcc.edu.in | Admission Helpine 9425979105,9009435275, 9827315522

# नई शुरुआत में सही दिशा चुनें – डॉ. परितोष अवस्थी

**SVCAC Media की विशेष इंटरव्यू सीरीज़ के अंतर्गत BAJMC प्रथम वर्ष की छात्रा कनिका सिसोदिया ने श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स के प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी से नए शैक्षणिक सत्र, कॉलेज जीवन और छात्रों के भविष्य निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेष बातचीत की।**

श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स के प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी से नए शैक्षणिक सत्र, कॉलेज जीवन और छात्रों के भविष्य निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेष बातचीत की। इस दौरान डॉ. अवस्थी ने विद्यार्थियों को सफलता, अनुशासन, करियर चयन और व्यक्तित्व विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

**विद्यार्थियों के स्कूल से कॉलेज तक के सफर पर वे कहते हैं कि-** कॉलेज जीवन के तीन वर्ष विद्यार्थियों के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दौर होते हैं, जो उनके पूरे भविष्य की दिशा तय करते हैं। विद्यालय जीवन में छात्र अनुशासन और नियमों के बीच रहते हैं, लेकिन कॉलेज में प्रवेश करते ही उन्हें नई स्वतंत्रता का अनुभव होता है।उन्होंने कहा, "यह स्वतंत्रता केवल अवसर नहीं देती, बल्कि जिम्मेदारियां भी साथ लाती है। ऐसे में आत्म-नियंत्रण भविष्य निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है।"करियर निर्माण में सही विषय चयन को आवश्यक बताते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को वही विषय चुनना चाहिए जिसमें उनकी रुचि हो, न कि केवल मित्रों की पसंद देखकर निर्णय लें।उन्होंने बताया कि कॉलेज का इंफ्रास्ट्रक्चर, विषय संबंधी सुविधाएं और अनुभवी प्राध्यापक भी भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए कॉलेज चयन सोच-समझकर करना चाहिए। डॉ. अवस्थी ने कहा कि कॉलेज जीवन में छात्र अपने निर्णय स्वयं लेना शुरू करते हैं और यही निर्णय उनके भविष्य की नींव रखते हैं। उन्होंने कहा-

**"सफल भविष्य का निर्माण तभी संभव है, जब आपके निर्णय सही दिशा में हों।"**

उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्यस्पष्ट रखने और हर कदम सोच समझकर उठा ने की सलाह दी। कॉलेज जीवन में मित्रता को स्वाभाविक बताते हुए उन्होंने कहा कि सही मित्रों का चयन अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने कहा, "ऐसे मित्र बनाएं जो आपके व्यक्तित्व निर्माण में सहायक हों, न कि आपको गलत मार्ग की ओर ले जाएं।"उन्होंने सकारात्मक वातावरण में रहने और गलत संगत से दूर रहने को उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बताया।

**59 वर्षों की समृद्ध परंपरा के साथ श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स शिक्षा, संस्कार और उत्कृष्टता का सशक्त केंद्र बनकर उभरा है।** यहां का सकारात्मक वातावरण विद्यार्थियों को न केवल अकादमिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार और सफल नागरिक बनने की दिशा भी प्रदान करता है।

## एनएसएस राज्य स्तरीय शिविर में श्री वैष्णव कॉलेज की सक्रिय सहभागिता

श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स इंदौर (NSS) इकाई के स्वयंसेवक **रहेतप्रीत सिंह (B.COM FIRST YEAR)**ने राज्य स्तरीय रा.से.यो. शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शिविर में विभिन्न महाविद्यालयों के स्वयंसेवकों ने भाग लेकर सामाजिक सेवा और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया।शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण एवं परिसर की स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में सक्रिय योगदान दिया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, वहीं स्वच्छता अभियान के माध्यम से साफ-सफाई के महत्व को भी रेखांकित किया गया। इसके अतिरिक्त, स्वयंसेवकों ने नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न गतिविधियों का सफल संचालन किया तथा शिविर में आए अतिथियों का विनम्रतापूर्वक स्वागत कर उत्कृष्ट संगठन क्षमता का परिचय दिया।इस सहभागिता से स्वयंसेवकों में सेवा भावना, अनुशासन और टीम वर्क की भावना का विकास हुआ। उन्होंने अपने कार्यों के माध्यम से महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।इसी कड़ी के बिच चित्रकूट भ्रमण भी किया गया जिसमे वहा के प्राचीन मंदिर के दर्शन भी किये गये।शिविर का समापन समारोह के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया

## श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, इंदौर में स्टूडेंट्स डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, इंदौर की प्लेसमेंट सेल द्वारा दिनांक 11 फरवरी 2026 को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए स्टूडेंट्स डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. संपूर्ण मेहता, एसोसिएट प्रोफेसर एवं हेड– आउटरीच, ठाकुर ग्लोबल बिज़नेस स्कूल, मुंबई रहे। अपने प्रेरक उद्बोधन में डॉ. मेहता ने विद्यार्थियों को करियर निर्माण की बारीकियों, वर्तमान समय की चुनौतियों, कौशल विकास, सही दिशा में निर्णय लेने तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया । उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से लक्ष्य निर्धारण, आत्मविश्वास एवं सतत सीख के महत्व को स्पष्ट किया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने करियर, उच्च शिक्षा एवं रोजगार से संबंधित अपने प्रश्न रखे, जिनका डॉ. मेहता ने सहज एवं प्रभावी ढंग से समाधान किया। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राकेश उपाध्याय रहे तथा कार्यक्रम का संचालन प्रो. रश्मि पाठक द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी ने अतिथि वक्ता का स्वागत करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। महाविद्यालय के प्रबंधन वर्ग ने इस आयोजन के लिए महाविद्यालय को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं|कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में अतिथि वक्ता के प्रति आभार व्यक्त किया गया।






EDITION :FEB-APRIL2026

Shri Vaishnav College of Arts and Commerce — Hindi News Paper

## श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं आर्ट ऑफ लिविंग पर सत्र का आयोजन



श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, इंदौर में दिनांक 19 फरवरी 2026 को NTF समिति के अंतर्गत प्राध्यापक सदस्यों के लिए मानसिक स्वास्थ्य एवं आर्ट ऑफ लिविंग विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर परितोष अवस्थी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्राध्यापकों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाना, कार्यस्थल से जुड़े तनाव को समझना तथा मानसिक संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक उपायों से अवगत कराना है इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आर्ट ऑफ लिविंग ट्रेनर डॉ सुपर्णा गांगुली एवं श्री मनीष सेठी उपस्थित हुए उन्होंने समय-प्रबंधन, भावनात्मक थकान, तथा शैक्षणिक जिम्मेदारियों के कारण उत्पन्न तनाव जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की एवं बताया कि निरंतर कार्यदबाव और व्यक्तिगत दायित्व मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं, इसलिए आत्म-देखभाल अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम की एक प्रमुख विशेषता ध्यान एवं मेडिटेशन की सरल तकनीक बताई गए, जिसमें उपस्थित प्राध्यापकों को सरल ध्यान तकनीक से अवगत कराया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य मन की एकाग्रता बढ़ाना, तनाव को कम करना तथा आंतरिक शांति का अनुभव कराना था। प्राध्यापकों ने ध्यान अभ्यास को अत्यंत उपयोगी एवं प्रभावी बताया।कार्यक्रम के दौरान योग, ध्यान, सकारात्मक सोच, संतुलित दिनचर्या एवं आवश्यकता पड़ने पर काउंसलर या मनोवैज्ञानिक से परामर्श लेने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। साथ ही महाविद्यालय में गठित NTF समिति की भूमिका एवं मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित सहयोगात्मक व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी गई। इस कार्यक्रम में 85 से अधिक प्राध्यापक सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रबंध समिति अध्यक्ष श्री अरविंद जी गुप्ता एवं सचिव श्री महेशजी चिमनानी द्वारा इस पहल की सराहना की और इसे वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक वातावरण में हुआ तथा भविष्य में भी इस प्रकार के मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो हितेश चौधरी एवं आभार प्रो श्रद्धा मानधन्या ने द्वारा प्रकट किया गया।

## ताईक्वांडो में श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



B .Com तृतीय वर्ष के छात्र (1) श्री अक्षत जूनी 68 कि. ग्रा. वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता वहीं कुं आज्ञा सोलंकी B.Com द्वितीय वर्ष ने 46 कि. ग्रा. वर्ग प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता, दोनों खिलाड़ियों का इंटर यूनीवर्सिटी (आल इंडिया) में चयन हुआ। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में संभाग स्तरीय ताइक्वांडों (पुरुष/महिला वर्ग) प्रतियोगिता सत्र 2025- 26 का आयोजन दिनांक 23/02/26 को गवर्नमेंट पी.जी. कॉलेज धार द्वारा आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने सहभागिता की । इस प्रतियोगिता में अलग अलग कॉलेज के लगभग 90 खिलाड़ियों ने सहभागिता की । इस अवसर पर प्रबंधक वर्ग के चेयरमैन श्री अरविंद जी गुप्ता एवं सचिव महेश जी चिमनानी द्वारा इस शानदार सफलता पर बधाई व उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी प्रो. विभोर ऐरन एवं खेल अधिकारी डॉ. वी.एस. राणा ने भी छात्रों को हार्दिक बधाई दी।

## श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, इंदौर में 'मधुर स्मृति–2026' का आयोजन







वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, इंदौर में बी.कॉम, बी.कॉम ऑनर्स, बी.ए. एवं एम.कॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल कार्यक्रम "मधुर स्मृति–2026" का आयोजन शनिवार, 28 फरवरी 2026 को किया गया। इस अवसर पर श्री वैष्णव ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तमदास जी पसारी, श्री अरविंद जी गुप्ता, सचिव श्री महेश जी चिमनानी एवं पुलिस अधीक्षक श्री मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ प्रदान कीं। श्री अरविंद जी गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन में सफलता केवल डिग्री प्राप्त करने से नहीं, बल्कि अनुशासन, निरंतर परिश्रम और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने से मिलती है। उन्होंने कॉलेज में हुए प्लेसमेंट से संबंधित जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि श्री वैष्णव संस्था सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है"|सचिव श्री महेश जी चिमनानी ने अपने संबोधन में कहा कि "फेयरवेल केवल विदाई नहीं, बल्कि नए जीवन की शुरुआत का उत्सव है। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, ईमानदारी एवं सतत सीखने की भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा विश्वास व्यक्त किया कि श्री वैष्णव से प्राप्त संस्कार उन्हें जीवन में ऊँचाइयों तक पहुँचाएँगे"|कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को उल्लास और भावनाओं से भर दिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसी अवसर पर "मधुर स्मृति – पलों की तिजोरी" पुस्तक का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. अनिल शर्मा द्वारा किया गया तथा अंत में प्रो. विभोर ऐरन द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अन्य प्रबंधन वर्ग एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. विभोर ऐरन, डॉ. राकेश उपाध्याय एवं डॉ. वंदना मिश्र रहे।

FOLLOW FOR MORE INFORMATION

svcac_media

svcc news